संख्या-15/2026/I/1477271/2026 /42-01099/20/2024

प्रेषक,

कुमार विनीत
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
खेल,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

खेल अनुभाग **लखनऊ : दिनांक-26-09-2026**

विषय:- लेखाशीर्षक 220400104070042 उ०प्र० खेल विकास एवं प्रोत्साहन योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्राविधानित धनराशि रू० 855.60 लाख के आवंटन किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-I/6623387, दिनांक 01.07.2026 एवं I/777458/2026, दिनांक 11.09.2026 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक 2204-खेलकूद तथा युवा सेवायें, 104-खेलकूद 07-उत्तर प्रदेश खेल विकास एवं प्रोत्साहन योजना 42-अन्य व्यय में प्राविधानित/उपलब्ध धनराशि रू० 855.60 लाख जनपदों को आवंटन के संबंध में यथोचित दिशा-निर्देश निर्गत करने का अनुरोध किया गया है।

2- उक्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक 2204-खेलकूद तथा युवा सेवायें, 104-खेलकूद 07-उत्तर प्रदेश खेल विकास एवं प्रोत्साहन योजना 42-अन्य व्यय में प्राविधानित/उपलब्ध धनराशि रू० 855.60 लाख शासनादेश के अनुसार जनपदों को आवंटित कर उक्त धनराशि का व्यय नियमानुसार शीघ्र कराने का कष्ट करें।

भवदीय,
कुमार विनीत
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in